ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 25-10-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-10-25 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-10-26	2024-10-27	2024-10-28	2024-10-29	2024-10-30
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	38.0	39.0	39.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	21.0	21.0	22.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	26	22	22	32	30
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	12	12	12	16	14
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	7	7	9	11	8
पवन दिशा (डिग्री)	25	226	216	220	273
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	0	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 37.0 से 39.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21.0 से 22.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 7-11 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई जीरा, ईसबगोल, गेहूँ तथा जौ की बुवाई से 15-20 दिन पूर्व 08 से 10 टन अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर की दर से मिट्टी में मिला दे।

लघु संदेश सलाहकार:

दिन का तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे होने पर सरसों तथा चने की बुवाई शुरू करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सिंचित क्षेत्र में सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। अंतिम जुताई के समय 30 किलोग्राम नत्रजन तथा 35 किलोग्राम फॉस्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दे। बीज को 30 सेंटीमीटर (कतार से कतार) तथा 10 सेंटीमीटर (पौधा से पौधा) की दूरी पर बोएं| बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि पशुओं को चिंचड़ी, जुंए, पिस्सू तथा गोमक्खी से बचाव हेतु पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार पशु शरीर के ऊपर 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से डेल्टा मेथ्रिन (बुटोक्स) का प्रयोग करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	आगामी दिनों की मौसम परिस्थितियाँ सर्दियों वाली सब्जियों की नर्सरी तैयार करने के लिये उपयुक्त हैं अतः फूलगोभी, पतागोभी, टमाटर तथा बैंगन की नर्सरी तैयार करें। सीधी बुवाई वाली सब्जियों पालक, धनिया, गाजर, मटर और मूली के लिये खेत तैयार करें तथा बीज की व्यवस्था करें।